>

Title: Need to develop slum clusters in the country and implement Rajiv Awas Yojana for providing houses to people living in the slum areas particularly in North East Delhi.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): केन्द्रीय आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय द्वारा स्लम सर्वे के लिए गठित समिति के अनुसार इस वर्ष के अंत तक देश के स्लमों में रहने वालों की संख्या नौ करोड़ तीस लाख से भी ऊपर हो जाएगी। केन्द्र सरकार का यह सराहनीय कदम है कि उसके द्वारा स्लम स्थलों को विकसित कर गरीबी रेखा के नीचे आने वालों को मकान उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई गई है। लेकिन, इस योजना को देश के सर्वाधिक घनी आबादी वाले राजधानी दिल्ली के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में वरीयता के आधार पर क्रियान्वित किए जाने की नितान्त आवश्यकता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह शहरों के विशेषकर राजधानी दिल्ली के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के सभी स्लमों को प्राथमिकता के आधार पर विकसित करने और वहां रह रहे लोगों को उन्हीं स्थलों पर मकान उपलब्ध कराने और मालिकाना हक देने की राजीव आवास योजना को तीव्र गति से क्रियान्वित किए जाने हेतु आवश्यक पहल करें।